आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 08.02.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में कृषि, उद्यान और समाज कल्याण विभाग में चयनित 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा जिले में सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का स्वर्णिम सफर जारी, आज मॉर्डन पेंटाथलॉन में राज्य ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए।
- प्रदेश में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर छात्रों में उत्साह, करीब तीन लाख छात्रों ने कराया पंजीकरण।

**नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में कृषि, उद्यान और समाज कल्याण विभाग में चयनित 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी उत्तराखंड में कृषि क्षेत्र के उत्थान और समाज कल्याण के संकल्प को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

**केंद्रीय राज्य मंत्री**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा जिले में सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। श्री टम्टा ने आज अल्मोड़ा में लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ जिले में निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा सहित बागेश्वर और पिथौरागढ़ को जोड़ने वाली सड़कों को बनाने के लिए 18 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसके तहत सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अधूरे पड़े कार्यों को 15 दिन के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**लोकार्पण**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी जिले के यमकेश्वर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर के नव निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य सहित ग्राम पंचूर में बारातघर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ संवाद किया और विद्यालय का अवलोकन भी किया। उन्होंने राजकीय जूनियर हाई स्कूल कांडी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय विथ्याणी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर में पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि आज सरकार के साथ निजी संस्थाएं भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर रही हैं और क्षेत्र के विद्यालयों के विकास में योगदान दे रही हैं। वहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार विकल्प रहित संकल्प के मंत्र पर कार्य कर रही है, और अच्छी व गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के संकल्प को साकार कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने श्री आदित्यनाथ से प्रयागराज से मेरठ तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक विस्तारित किए जाने का आग्रह भी किया।

**राष्ट्रीय खेल**

उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए आज हल्द्वानी के गौलापार में आयोजित मॉर्डन पेंटाथलॉन की लेजर रन प्रतिस्पर्धा में चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में उत्तराखंड की ममता कार्की ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया,

जबकि मंजू गोस्वामी ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम इवेंट में भी उत्तराखंड की महिलाओं ने दमदार खेल दिखाते हुए एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में सक्षम प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि लाल सिंह ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश की झोली में एक और पदक डाला। पुरुषों की टीम इवेंट में भी उत्तराखंड का जलवा कायम रहा और टीम ने एक और स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश की पदक तालिका में इजाफा किया।
आज के चार स्वर्ण पदकों के साथ ही उत्तराखंड ने पदक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। अब तक प्रदेश के खाते में 11 स्वर्ण, 21 रजत और 23 कांस्य पदक आ चुके हैं, जिससे उत्तराखंड पदक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गया है।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को देशभर के छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर उत्तराखंड में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अपर निदेशक प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि छात्रों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब तीन लाख छात्रों ने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण किया है।

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना**

बागेश्वर जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत इन दिनों महिलाओं को ड्रेस मेकिंग और सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के बीच कराई गई सिलाई प्रतियोगिता में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जन शिक्षण संस्थान की मास्टर ट्रेनर जया भाकुनी ने बताया कि महिलाओं के हुनर को और निखारने के लिए प्रतियोगिता कराई गई।

प्रशिक्षण में शामिल रेनू ने बताया कि प्रतियोगिता में महिलाओं ने पुरानी साड़ियों के सूट और दुप्पटे बनाएं और सिम्पल ड्रेस को नया लुक दिया। इस दौरान बच्चों की ड्रेस, डिजाइनर बैग, हैंड पर्स आदि तैयार किए।

**आपदा प्रचार वाहन**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आपदाओं को लेकर आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से क्षेत्र प्रचार अभियान के तहत मोबाइल वैन संचालित की जा रही है। इस कड़ी में चमोली के अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से आपदा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चमोली, सीमान्त जिला होने के साथ ही आपदा की दृष्टि से भी संवेदनशील है और यहां के लोग इन समस्याओं से जूझते रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक—एक जागरूकता वाहन चलाया जा रहा है। इसके तहत ऑडियो—विजुअल माध्यम से लोगों तक विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही लाइव क्विज और विभिन्न खेलों के जरिए भी आपदा को लेकर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इसके अलावा भूकम्प, भूस्खलन और वनाग्नि सहित अन्य आपदाओं में क्या करें और क्या न करें आदि को लेकर जानकारी भी दी जाएगी।

**मुख्य समाचार एक बार फिर—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में कृषि, उद्यान और समाज कल्याण विभाग में चयनित 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा जिले में सड़कों का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का स्वर्णिम सफर जारी, आज मॉर्डन पेंटाथलॉन में राज्य ने पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

- प्रदेश में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर छात्रों में उत्साह, करीब तीन लाख छात्रों ने कराया पंजीकरण।